THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I am satisfied that this is not a Money Bill.. .(Interruptions)

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Have you got the recommendation of the President?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is not necessary. .. (Interruptions)

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: It is a very important issue. You cannot give your ruling like "this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is not necessary now. It is only necessary at the time of consideration. So I will ask tlhie Minister to intiioduce the Bill.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR; Has the President's recommendation been obtained or not?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is not received at this stage. I am satisfiedr.. .(Interruptions)

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Let me ask the Minister...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I should give my ruling and not the Minister and I will have to be satisfied.

SHRI P. A. SANGMA; The President's recommendation is not required because it is not a Money Bill. Where is the question of having the President's recommendation?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Now the Minister to move the Bill.

SHRI P. A. SANGMA: Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Coal Mines (Nationalisation) Act, 1973.

The *question was put and the motion was adopted.*

SHRI P. A. SANGMA; Sir, I introduce the Bill.

THE Jammu and Kashmir State Legislature (Delegation of Powers) BUI, 1992

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to confer on the President the power of the Legislature of the State of Jammu and Kashmir to mak$_e$ laws as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The House is aware that the Proclamation dated 18-7-1990 made by the President under article 356 of the Constitution in relation to the State of Jammu and Kashmir, inter alia, provides that the power of the State Legislature shall be exercisable by or under the authority of Parliament. Under article 357(1) (a) of the Constitution, it is permissible for Parliament to confer on the President the power of the Legislature of the State to make laws and to authorise him to delegate, subject to such conditions as he may think fit to impose, the power so conferred to any other authority specified by him in that behalf. There are a number of legislative proposals pertaining to Jammu and Kashmir which are required to be re-enacted before 18-7-1992. In view of the otherwise busy schedule of business of the two Houses, it may not be possible for Parliament to deal with various legislative measures that may be necessary in respect of Jammu and Kashmir. The Bill, therefore, seek to confer on the President the power of the State Legislature to make laws in respect of

the State. It has been the normal practice to undertake such legislation in relation to the State under President's rule and the present Bill is on the usual lines. Provision has been made in the Bill for the Constitution of Consultative Committee, consisting of 15 Members of Parliament, (10 Members from the Lok Sabha and 5 Members from the Rajya Sabha) in this regard. Provision has also been made to empower Parliament to direct modifications in the law made by the President, if considered necessary.

I request the hon. House to approve the legislative proposal before it.

The question was proposed.

SHRI SATYA PRAKASH MALA-VIYA (Uttar Pradesh): What is the total number of such Bills?

SHRI M. M. JACOB: At the moment, 11 Bills are there. I will explain to you the details when I reply to the discussion.

डा० बलदेव प्रकाश (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, हाउस के सामने जम्मू काश्मीर स्टेट लेजिस्लेचर डेलिगेशन आफ पावर्स बिल प्रस्तुत किया गया है विचारार्थ, कंसिडरेशन के लिए । इस बिल को लाने की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि जम्मू काश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभाव है, विधान सभा भंग हो चुकी है और कानून बनाने के अधिकार जो हैं वह संसद के अधिकारक्षेत्र में आ गए हैं । ऐसे अध्यादेश हैं जिनकी सीमा की अवधि समाप्त हो रही है और एक सप्ताह के अंदर अंदर वह अवधि समाप्त हो जाने के बाद वह रद्द हो जाएंगे और संसद के पास समय का अभाव है, वह विचार नहीं कर सकती । इसलिए राष्ट्रपति को यह अधिकार दिए जा रहे हैं कि वह सभी अध्यादेशों, कानूनों जिनमें संशोधन होने हैं वह कानून बना सकें ।

महोदय यह विचारना होगा कि लोकतंत्र की व्यवस्था जो वहां पर समाप्त हुई है और आज जम्मू कश्मीर जिस परिस्थिति मे गुजर रहा है उसके कारण क्या हैं ? कौन दोषी है उसके लिए । जम्मू-काश्मीर में आज सारी व्यवस्था नष्ट-भ्रष्ट हो चुकी है । सरकार की कोई रिट नहीं चलती । आतंकवादियों उग्रवादियों की रिट चलती है । करफ्यू लगा हुआ है, गोलियां चल रही हैं निर्दोष लोगों की हत्यायें हो रही हैं, अपहरण हो रहे हैं, बलात्कार हो रहे हैं और लगातार दो तीन साल से ऐसी रिपोर्टें आ रही है । इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? क्या प्राकृतिक प्रकोप आ गया है या हमारी राजनीति के कारण आज काश्मीर इस संकट मे गुजर रहा है ? मैं यही सदन के सामने रखना चाहता हूं कि लोकतांत्रिक सिद्धांतों की हत्या होती रही, वोटों की राजनीति के लिए हम लोगों ने लोकतांत्रिक परंपराओं को नष्ट किया, सत्ता में रहने के लिए सांप्रदायिकता का कार्ड वहां पर खेला गया और लोगों का भरोसा इस सीमा तक समाप्त हो गया कि आज वहां पर केन्द्र सरकार के प्रति विश्वास कम मे कम घाटी के अंदर तो नहीं है । घाटी की जनता आज इस देश की केन्द्रीय सरकार से बहुत दूर जा चुकी है ।

श्रीमन्, मुझे अच्छी तरह से जानकारी है कि 1982 में जब चुनाव थे उन दिनों में कांग्रेस की तरफ से सांप्रदायिकता का कार्ड खेला गया, खुल्लमखुल्ला जो यहां पर सांप्रदायिकता के बारे में दूसरों के ऊपर लांछन लगाते हैं आरोप लगाते हैं । क्या हुआ जम्मू काश्मीर में । उससे पहले ट्राइपारटाइट (त्रिपक्षीय) कांफ्रेंस पंजाब को लेकर यहां पर हुई थी । उस में एक तरफ सरकार थी, दूसरी तरफ अकाली पार्टी के लोग थे, अपोजिशन के सारे दल उसमें शामिल थे । उस त्रिपक्षीय वार्ता में सारी ही पंजाब की समस्या प्रायः हल हो चुकी थी । केवल यही बाकी था कि वहां पर जाकर ऐनाउसमेंट करना है । आखिरी समय में जाकर सरकार उससे फिर गई । उस समय इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री थीं । केन्द्रीय सरकार जो फैसला हुआ था उससे पीछे फिर गई और उस फैसले को लागू नहीं किया गया क्योंकि 1983 में जम्मू-काश्मीर के अंदर

[डा० बलदेव प्रकाश]

चुनाव थे । अगर पंजाब को कुछ देना पड़ता तो 1983 में चुनावों में वोट मिलते या नहीं मिलते, यह सोचना एकमात्र लक्ष्य था । जब सोचने का एकमात्र लक्ष्य यह बन जाए, जब चुनावों की राजनीति के आधार पर ही देश को चलाने की प्रवृत्ति और मनोवृत्ति हो तो उसके दुष्परिणाम होने निश्चित हैं । उसके दुष्परिणाम हम आज भुगत रहे हैं । 1985 में नेशनल कांफ्रेंस के दो टुकड़े किये गये । एक हिस्सा उसमें से कांग्रेस के समर्थन से फारूख अब्दुल्ला से अलग हो गया और विरोध किया । क्यों किया ? वहां पर फारूख अब्दुल्ला की सरकार नहीं रही और गुलशा की सरकार हो गई । उनकी सरकार बनी । मैं पूछना चाहता हूं सदन में कि वह कौन सा सिद्धांत था कि चुनी हुई सरकार को तोड़ करके दूसरी सरकार वहां पर कायम की जाए । किसने की वह ? कौन सा राजनीतिक दल था जिसने यह सारा कुचक्र चलाया ? केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी तो कांग्रेस की सरकार ने यह सब किया । यह कोई सिद्धांत है ? गया राम आया राम वहां पर चला तो क्या वहां पर एंटी डिफेक्शन ला लागू नहीं होता ? गुलशा की सरकार शेखअब्दुल्ला की सरकार बदतर साबित हुई । जब ऐसी सरकार वहां पर आई तो इनको यह बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया । फिर केन्द्र की सरकार ने 1986 में इस सरकार को तोड़ा । वहां पर गवर्नर का, राष्ट्रपति का राज लागू किया । यह 1986 मार्च में लागू हुआ और 1986 नवम्बर में जो चुनाव हुए उसमें राजीव गांधी और फारूख अब्दुल्ला में साथ-साथ समझौता हुआ और उन्होंने चुनाव लड़ा । कौन थे फारूख अब्दुल्ला ? यह वह फारूख अब्दुल्ला थे जो 1974 में पाकिस्तान गये थे और वहां पर मकबूल बट्ट उनके साथ थे । उन्होंने मिल कर बयानबाजी की थी कि काश्मीर का एक मात्र हल यह होना चाहिए कि उसे स्वतंत्र कर दिया जाए । हिन्दुस्तान की जंजीरों से मुक्त होना चाहिए । फिर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा । 1986 के बाद वहां पर फारूख अब्दुल्ला की सरकार आई । लेकिन वह सरकार भी नहीं चली । 1990 में फिर राष्ट्रपति राज लागू हो गया । मैं यह बताना चाहता हूं सदन को कि लगातार राजनीतिक खींचा-तानी के कारण से और सत्ता में रहने के कारण से सरकारें तोड़ी गई और सरकारें बनाई गई, सिद्धांतों की अवहेलना की गई । केवल सत्ता के आधार पर चलाई गई राजनीति का यह दुष्परिणाम है कि आज उस प्रदेश के अंदर कोई व्यवस्था नाम की चीज नहीं है ।

आज जो काश्मीर की वर्तमान व्यवस्था है उसके बारे में बताना चाहता हूं । चुनाव क्यों नहीं हो सकते वहां पर ? नहीं हो सकते मैं भी इससे सहमत हूं कि अभी नहीं हो सकते । लेकिन कब हो सकेंगे ? आज उस प्रदेश से आये हजारों, लाखों व्यक्ति दिल्ली आये हुए हैं, जम्मू के अंदर कैम्प में बैठे हुए हैं । एक-एक कमरे के अंदर 15-15, 20-20 आदमी एक ही परिवार के बैठे हुए हैं । सरकार पर आश्रित हैं । सरकार की थोड़ी बहुत दी हुई तनख्वाह से अपना पेट भर रहे हैं । जबतक वे लोग जम्मू-काश्मीर जाकर वोट डालने की स्थिति में नहीं आ जाते तबतक वहां पर चुनाव होने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता । वह स्थिति कैसे आ सकती है ? निकट भविष्य में ऐसी कोई संभावना नजर आ रही है क्या ? वहां पर क्या आतंकवाद समाप्त हो जायेगा ? क्या दिल्ली में बैठे हुए, जम्मू में कैम्पों में बैठे हुए लोग वहां जाकर वोट डाल सकेंगे ? अगर नहीं डाल सकेंगे तो चुनाव भी नहीं हो सकेंगे । क्या पंजाब की तरह चुनाव होंगे ? क्या असम की तरह चुनाव होंगे कि एक-एक प्रत्याशी सौ-दो सौ वोट लेकर विधान सभा का सदस्य बना हुआ है ? पंजाब में ऐसा हुआ है कि 298 वोट हासिल करके एक प्रत्याशी विधान सभा का सदस्य चुना गया । एक ही वर्ग के लोग बसों में, ट्रकों में भर कर एक पोलिंग बूथ से दूसरे पोलिंग बूथ पर ले जाया गया । पंजाब में 8-10 परसेंट वोट पड़े और वहां पर सरकार बन गई । क्या ऐसा ही कोई खेल केन्द्र की सरकार जम्मू-काश्मीर में खेलने जा रही है ?

इससे जनता का भरोसा सरकार के अंदर बन सकेगा ऐसा सवाल ही पैदा नहीं होता। हम लोकतंत्र की जड़े खोद रहे हैं। लोकतंत्र लोक सभा या संसद की बिल्डिंग का नाम नहीं है। विधान सभा के भवन का नाम नहीं है। लोकतंत्र एक सिद्धांत, एक परम्परा, एक स्वस्थ व्यवस्था प्रणाली का नाम है। जिस प्रणाली में सिद्धांतों को उचित स्थान मिले, सिद्धांतों के लिए व्यक्ति सत्ता छोड़ने के लिए तैयार हो। यह नहीं होना चाहिए कि सत्ता के लिए व्यक्ति सिद्धांतों को छोड़ करके इधर उधर से दल बदलवा करके, मेम्बरों को तोड़ करके, रिश्वत दे करके, लालच दे करके और हिंसा के द्वारा, डर के द्वारा अपनी सरकार कायम रख सके। इसका नाम लोकतंत्र नहीं है। इसका मतलब जमूरियत नहीं है। लेकिन आज वह सब कुछ हो रहा है। इस तरह से तो जमूरित की जड़ें कमजोर होंगी।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESHDESAI): Only four minutes are left. You may speak on the provisions of the Bill now.

डा० बलदेव प्रकाश: मैं प्रोविजन्स पर ही आ रहा हूं। जो एक्ट के अन्दर प्रोविजन्स हैं उसमें क्या है? वहां पर विधान सभा नहीं है और कानून बनाने के अधिकार प्रोक्लेमेशन के बाद विधान सभा से हट कर संसद के पास आ गया। अब संसद के पास समय नहीं है। अगर संसद के पास समय नहीं है तो इतनी देर तक हम क्यो करते रहे? वहां पर जून के महीने की तनख्वाह लोगों को नहीं मिली है। जम्मू में प्रदर्शन हो रहे हैं। आठ हजार लोगों को जून के महीने की तनख्वाह नहीं मिली है। कैम्पों के अन्दर जो विस्थापित बैठे हुए हैं उनको खाने-पीने के लिए महीने में जो मिलता था वह भी नहीं मिला। वहां पर ट्रेजरी खाली है। इस वित्त वर्ष के दो महीने बाद जम्मू-काश्मीर की सभी ट्रेजरीज और खजाने खाली हैं। लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। कानून बना नहीं सकते। जब कानून बनाने का अधिकार संसद को था तो एक व्यक्ति को यह अधिकार देना, चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, कहां तक उचित है। राष्ट्रपति को, एक व्यक्ति को, एक प्रदेश का कानून बनाने का आप अधिकार दे रहे हैं। यह कैसी व्यवस्था है? ".. .the President shall whenever he considers it practicable to do so, consult a Committee constituted for the purpose, consisting of..."

जब कभी भी उनको अच्छा लगेगा, प्रेक्टिकल और व्यावहारिक लगेगा, तब तो विचार करने के लिए उस कमेटी से विचार कर लेंगे और अगर उनकी मंशा नहीं होगी, उनके विचार में इसकी आवश्यकता नहीं होगी तो प्रेजीडेन्ट कानून बना लेंगे। यह कैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था है? अगर वहां पर विधान सभा नहीं है और संसद यह काम कर नहीं सकती तो क्या उसके लिए आलटरनेटिव या विकल्प यही लोकतांत्रिक व्यवस्था है। यह बिलकुल ठीक नहीं है। यहां स्पष्ट शब्दों में व्यवस्था होनी चाहिए और इसको डिलिट होना चाहिए। whenever he considers it practicable."

राष्ट्रपति अगर कानून बनायें तो तभी बना सके जब उस कमेटी के साथ जो इस परपज के लिए कांस्टिट्यूट की गई उसके साथ विचार करने के बाद वे कानून बना सके और तभी उसके अन्दर हम लोकतांत्रिक व्यवस्था का पुट शामिल कर सकेंगे। उसके बगैर यह नहीं हो सकता है।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हम बहुत देर तक वहां चुनावों को रोक नहीं सकते हैं। मैं अंत में वाईंड अप करते हुए इतना ही कहना चाहता हूं कि हम कितनी देर तक इस तरह से हिन्दुस्तान में राज चला सकते हैं। अभी वहां पर इलेक्शन नहीं हो सकता। ला एण्ड आर्डर ठीक नहीं है। शांति और व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। लोग मारे जा रहे हैं। कर्फ्यू लगा हुआ है, आग लगी हुई है। इस प्रकार से कैसे राज चलेगा। आप क्यों कुछ नहीं करते हैं। ऐसी दिशाहीन नीति को बदल कर एक दृढ़ और ठीक दिशा

[डा० बलदेव प्रकाश]

वाली नीति जम्मू-काश्मीर पर लागू क्यों नहीं करते हैं और वह नीति यह है कि वहां पर जो कुछ हो रहा है, अब तक जो हो रहा है उसमें आप आज एक फैसला करते हैं और दूसरे दिन दूसरा फैसला करते हैं । कभी एक गवर्नर को भेजा जाता तो दूसरे दिन दूसरा गवर्नर बदल दिया जाता है । राजनैतिक कारणों से गवर्नर बदल दिया जाता है । क्या कारण है कि आपने राजनैतिक कारणों से गवर्नर को बदल दिया ? वहां की जनता चाहती थी कि वह गवर्नर वहां रहे, लेकिन आपने उस गवर्नर को हटाकर दूसरे को वहां भेज दिया । इस प्रकार से राजनैतिक कारणों से अगर काम किया जाएगा तो कोई भी हल संभव नहीं है । वहां धारा 370 क्यों लागू है ? जब जम्मू-काश्मीर का विलय हो चुका है तो बाकी प्रदेशों की भांति सभी बातें वहां लागू क्यों नहीं होती हैं ? जम्मू-काश्मीर का एक व्यक्ति हिन्दुस्तान में जहां करोड़ों रुपए की सम्पत्ति खरीद सकता है वहां कोई भी हिन्दुस्तान का व्यक्ति वहां सिर छिपाने के लिए एक झोंपड़ी भी नहीं बना सकता और जब तक इस प्रकार की दीवारें खड़ी रहेंगी तब तक कोई हल नहीं निकल सकता है ।

आप ये दीवारें तोड़ेंगे । सारा हिन्दुस्तान एक है । चाहे कोई भी प्रदेश हो, वह हिन्दुस्तान का वैसा ही हिस्सा है हिन्दुस्तान एक है । चाहे कोई भी प्रदेश हो, वह हिन्दुस्तान का वैसा ही हिस्सा है जैसे कि जम्मू और कश्मीर है । जब तक हम ये दीवारें खड़ी रखेंगे, तब तक कोई हल नहीं हो सकेगा यह मैं सदन के सामने बड़े अधिकारपूर्ण शब्दों में कहना चाहता हूं । आप सौ कहिये कि यह ऐतिहासिक अवस्था है, अब हम बदल नहीं सकते । लेकिन सिद्धान्तों के सामने ऐतिहासिक अवस्थायें टिक नहीं सकतीं । यह एक सिद्धांत है कि सभी प्रदेशों के एक जैसे अधिकार होने चाहियें चाहे बंगाल हो, चाहे पंजाब हो ।

एक और बात कहकर मैं समाप्त करता हू । यह भी बात आ रही है कि 1953 से पूर्व की स्थिति वहां पर लागू कर दी जाय । 1953 में जो स्थिति थी, हम लोग जो अन्य प्रदेशों से वैष्णोदेवी के दर्शन के लिये जाते थे, हमें परमिट लेना पड़ता था । परमिट लेकर हम जम्मू और कश्मीर जाते थे । वह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं था, इलेक्शन कमीशन के अधिकार क्षेत्र में जम्मू और काश्मीर नहीं था । तो क्या आज हम फिर चाहते हैं कि अगर आज फिर हमें वहां जाना हो तो हम परमिट लेकर वहां जायें । क्या वह विदेश है, क्या कोई दूसरा देश है ? क्या आप उसको सुप्रीम कोर्ट के अधिकार-क्षेत्र से निकालना चाहते हैं ? मैं सरकार को आज यह वार्निंग भी देना चाहता हूं– हम धारा 370 को भी हटाने की मांग कर रहे हैं–अगर कोई ऐसा निर्णय जिसमें 1953 से पूर्व की स्थिति पर लाने की बात कही जायेगी, या ऐसा करने की कोशिश होगी, तो उससे हम कश्मीर की समस्या को और उलझायेंगे और उसको ऐसी अवस्था पर ले जाकर खड़ी कर देंगे जहां से वापस लौटने का शायद कोई रास्ता न रहे । इन्हीं शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं ।

SHRI MADAN BHATIA (Nominated): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Jammu and Kashmir State Legislature (Delegation of Powers) Bill, 1992,

Before I say anything on this Bill, I would like to say just one word in regard to the speech which has been made by the preceding hon. Member . The observations which the hon. Member has made are not conducive to improving the situation in Kashmir, which is too grave to be dealt with on such partisan lines. The situation is so grave that it calls for unity of action on the part of the entire nation and all political forces in the country.

So far as this Bill is concerned, as the hon. Minister has said, article 356 provides that whenever a Proclamation is issued, it may be provided in that Proclamation that the powers of the State Legislature may be exer-

eised by Parliament. Rightly so, because, when a State Legislature is dissolved, there has to be some authority which should be in a position to make laws for that State which comes under President's rule. That is why article 356 provides that the Proclamation may make a provision empowering Parliament to make laws for the State coming under President's rule. But then, the Constitution-makers thought it fit to make an exception provision, namely, article 357. Article 357 provides that whenever there is such a Proclamation and when such a Proclamation contains a provision that Parliament may make laws for that particular State, Parliament may also make a law making it competent for the President to make laws for that state. In other words Parliament may delegate its authority to make laws to the President himself.

Now. the question is, why was this provis'on, article 357, introduced into the Constitution by the founding fathers of the Constitution? Artical- 357 is not, being introduced by the Bill. It has not been introduced by this Government. Article 357 was tro-duced by the founding fathers *oi* the Constitution. The reason was th t an urgent exigency of situation me" arise in a particular State which comes under the proclamation under article 356, which may call for an emergent action for enactment of a particular law to deal with a particular situation and it may not be possible o follow he normal procedure of enacting that law through, the Parliament. In order to deal with an urgent exigency of situation, there may be a provision which may bo necessary authorising the President to make a law for that particular State to deal with that part'cular situation.

An argument has been raised that this amounts to usurpation of powers of the Parliament. I submit, Sir, this argument is an argument in futility. If this argument is to be taken as valid, article 357 has to be effaced from the pages of the Constitution. Article 357 in terms says that Parliament may make a law empowering the President to make the laws for that particular State. Where is the question of usurpation of the powers of Parliament by the President? The question o?£ usurpation of the powers of Parliament by the President, therefore, does not arise.

Sir, what is the situation which is prevailing in Kashmir today? I have said that the situation in Kashmir is extremely grave. Pakistan has launched a calculated and deliberate policy of bleeding India into disintegration. All the activities of Pakistan are not merely encouragement, of terrorism in Kashmir or import of terrorism into Kashmir. They amount to a Watant, naked aggression against India under international law. Pakistan is training the armed bands on her own soil. Paikjstan is arming those armed bands. Pakistan is hurling those armed bands across the frontiers of India into Kashmir to use not only weapons against the civilians, but to fight the security forces and the armed forces of India; and Pakistan is hurling those armed bands across the frontiers of India many a time under the cover of heavy artillery bombardment. All these activities under the international law amount to aggression. The expression 'aggression' has been used in the Charter of the United Nations. It has been particularly used in the Chapter dealing with the powers ot Security Council. When the Charter of the Security Council was framed, first it was adumbrated that 'aggression' should be definied in the Char' ter itself, but the expression was left undefined on the ground that this may lead to rigidity. Therefore, the expression 'aggression' was not defined in the Charter of the United Nations. But in 1967, the General Assembly constituted a Committee for the purpose of defining the expression 'aggression' as occurring in the Charter of the United Nations. This

[Shri Madan BhatiaJ

Committee gave a definition of 'agression' and the definition included certain armed bands of mercenaries crossing the frontiers into another State to fight its armed forces to use weapons against that country.

[The Vice-Chairman (Shri M. A. Baby) in the Chair]

This definition of the aggression given by that Committee was adopted unanimously by a Resolution passed by the General Assembly of the United Nations. I submit, Sir, all the activities of Pakistan constitute aggression are denned by the United Nations by means of the Resolution passed in 1969. It is this situation which we are facing in Kashmir and it is for this puspose that it is highly necessary, apart from the reasons which have been given by the hon. Minister, that the President should be armed by this Parliament with the powers to pass such laws as the urgent exigency of a perticular situation calls for.

I submit, Sir, that so far as article 357 is concerned, there are no restrictions when this law is made, which may be placed upon the President when this power is exercised. Parlisment can pass a blank law saying that the President shall have the power to make Acts for this particular State. No restrictions need be plaeed upon the power of the President while making these laws. Secondly, article 357 goes a step further. It says, the President may further delegate his power which is conferred upon him by Parliament.

But what is this Bill? This Bill does not go that far. This Bill, on the contrary, contains two very salutary restrictions which need not be there of article 357. The first restriction, which is important, provides that whenevery the President seeks to enact any law for the State of Jammu and Kashmir, the President shall consult a Committee constituted for the purpose, consisting of 10 Members of the House of the People and five Members of the Council of States. Does it not contain a control by Parliament on the powers of the President? I submit, Sir, it very much does. The second control which is exercised by Parliament under this Bill, is provided by clause 3, which says that every such Act shall be placed before both Houses of Parliament and each House shall be entitled to make such modifications as it thinks fit to this particular Act, and if that modification shall be incorporated by the President in the law itself. These are the two salutary restrictions adumbrating the control of Parliament over the Act which may be made by the President under this law in relation to the State of Jammu and Kashmir. These restrictions might not have been there, were not required to be there, by virtue of article 357, but the Government, in its wisdom, recognizing the importance of the whole situation and recognizing the fact that every step which is to be taken in Kashmir must bear the stamp of consensus of the entire nation and of all the political parties and of all the political forces, has considered it wise to introduce these two provisions in this Bill itself.

Therefore, Sir, I strongly support this Bill and I commend these measures and I commend the spirit in which this Bill has been brought forth before this honourable House by the Government, and I plead with the entire House to support this Bill unanimously. Thank you, Sir.

मुफ्ती मोहम्मद सईद (उत्तर प्रदेश): वाईस चेयरमैन, सर, यह जो बिल लाया गया है राज्य सभा के सामने इसकी बहुत जरूरत है और जो कानून, जो लाज गवर्नर रूल की मुद्दत में पास हुये हैं, उनकी वैलिडिटी एक्सपायर होने वाली है या हुई है।

तो इसलिये इस बेसिक सवाल का यह तो होना ही है जरूर, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि यहां भाटिया साहब ने कह दिया कि प्रेजीडेंट को पावर है, प्रेजीडेंट को पावर्स है, लेकिन यहां जो आपने यह कह दिया है कि पार्लियामेंट के पास समय नहीं है, टाईम नहीं कि जम्मू-कश्मीर के जो ला नाफिस करने हैं, उनको पास करने के लिये टाईम नहीं है । मैं समझता हूं कि जब आप कहते हैं कि Kashmjr is a national issue. कश्मीर में जो आजकल के संगीन और सीरियस हालात हैं, पार्लियामेंट के बगैर और कौन-सा इंस्टीट्यूशन हो सकता है जिसकी क्रैडिबिल्टी सारे मुल्क में है, सारे इलाके में है — यहां इसको डिसकस नहीं किया जा रहा है । जब आप कहते हैं कि टाईम ही नहीं है, तो आप इस इशू को डाइल्यूट करते हैं, इसका वजन कम होता है । तो यह एक बात है । You are giving a wrong signal. You are giving a wrong message to th* people of the country and to the people of Kashmir,

दूसरा, मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या कोई ऐसा प्रेजीडेंट है, अभी तक जिन स्टेट्स में गवर्नर रूल हुआ है, उन स्टेट्स में पार्लियामेंट को छोड़कर सिर्फ प्रेजीडेंट को पावर दिया गया है, ऐसा मेरे जहन में कोई प्रेजीडेंट पोस्ट-इंडिपेंडेंस पीरियड में कोई नहीं है जहां प्रेजीडेंट को पावर बनाने के लिये दिया गया है । इन्होंने कह दिया . . . (व्यवधान)

SHRI MADAN BHATIA: Sir, 1 would like to correct the hon. Member. Similarly a law was passed in 1971 in regard to the State of West Bengal.

मुफ्ती मोहम्मद सईद : मैं यह कह रहा हूं कि कोई स्टेट–पंजाब की स्टेट है जहां कश्मीर से ज्यादा मुद्दत तक गवर्नर रूल रहा । उस विषय में उस स्टेट के बारे में ऐसा नहीं किया गया है ।

एक डेमोक्रेटिक प्रोसेस आप शुरू करना चाहते हैं । तीसरी बात वह जो कह दिया कि इमरजेंसी होगी, तो प्रेजीडेंट को कानून पास करना होगा । क्या करेगा वह ? पार्लियामेंट के सामने आयेगा । जम्मू-कश्मीर गवर्नमेंट को आर्डिनेंस पास करने का, इशू करने का अख्तियार है । वह इन लाज के बारे में, जो लाज रह चुके होंगे, हम इस बात की पूरी ताकत से विरोध करेंगे कि पार्लियामेंट से यह अख्तियार लिया गया है । पार्लियामेंट में वहां के क्या कानून पास हुये, क्या कानून पास करते हैं— जम्मू-कश्मीर के क्या हालात है । हमारी तरफ से इतनी बड़ी सारे देश की सावरेंटी यहां है, सारे देश के नुमाइंदे यहां हैं, सारा थिंकटैंक यहां है, आपको सुझाव दिये जा रहे हैं । अगर आप यह नहीं करना चाहते, अगर आप कहते हैं कि इस पार्लियामेंट के पास टाईम नहीं है, यहां पार्लियामेंट की एक स्टैंडिंग कमेटी हो सकती है दोनों हाऊसेज की, जो स्टैंडिंग कमेटी इन लाज को एक्जामिन करके पार्लियामेंट को पेश करे ताकि पार्लियामेंट में ज्यादा वक्त नहीं लगे ।

चौथी बात, जब आपने एक कन्सल्टेटिव पार्लियामेंट की कह दी है कि पन्द्रह मेम्बरों की कन्सल्टेटिव कमेटी होगी, उसमें भी it is not mandatory on the President to consult the Members of Parliament or to consult the Sub-Committee. It is the discretion of the President.

तो मेरे ख्याल में इस कानून को हम अपोज करेंगे और ऐसा कानून आप पास करेंगे जो डेमोक्रेटिक प्रोसेस आप वहां करना चाहते हैं, उसका खंडन करना चाहते हैं, इस बात की क्रडिबिल्टी नहीं है ।

पांचवीं बात, जो हम यहां कहते रहे कि इसी दायरे में हम बात करना चाहते हैं, लेकिन होम मिनिस्टर साहब ने यह कह दिया कि कश्मीर में चुनाव होने चाहियें । इसमें भी अच्छी

[मुफ्ती मोहमद सईद]

बात है । अल्टीमेट तो लोगों को ही ही साथ चलाने का सवाल है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी ग्राउंड रियैलिटी वहां ऐसी नहीं है। यह बात ठीक है कि लोगों के जहन में– The mood of the people has changed. उस वक्त की बात नहीं कि आजादी आज आ जायेगी, कल आ जायेगी ।

आज कश्मीर के लोगों को – मैं सही कहता हूं––जो बात मैं आपसे कहता हूं वह सही कहता हूं, उनके सोचने में फर्क आ गया है । To that extent there is an improvement in the situation. क्यों पाकिस्तान ने हजारों कश्मीर के नौजवानों को– Kashmir is bullied इस्तेमाल किया गया है, एक्सप्लायट किया है । हम यह कहना चाहते हैं कि जो मुल्क ने कश्मीर को दिया है, यूनिवर्सिटी तक वहां– education ig free up to the university level. टैक्नीकल एजुकेशन भी फ्री

4.00 P.M. है वहां तो सब से पहला जो हमला हुआ वह वहां के एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस पर हुआ । स्कूल जलाये गये, कालेज जलाये गये पुल जलाये गये । तो एक सारा सिस्टम जो कश्मीर तरक्की की राह पर था जहां डिवैलपमेंट बहुत तेजी से हो रहा था यह अहसास हुआ है कि इन जवानों को यह नहीं कि दो हजार, चव्हाण साहब ने कहा दो हजार ए०के०–47 का सीजर हुआ है, लेकिन नहीं आज तक जो सीजर हुआ है ए०के०-47 का वह दस हजार का है। देखना चाहिये कितना सामान आ रहा है। दूसरा कश्मीर में नहीं कहता हूं स्विटजरलैंड कहता हूं लेकिन 84–86 में कश्मीर एक ऐसा डेस्टीनेशन है कि इट वाज फार आल सीजंज । ऐसे इंतजाम किये गये थे कि गुलमर्ग, पहलगांव में बराबर स्विटजरलैंड की तरह स्कीइंग का प्रोग्राम विंटर के लिये डिवैलप किया गया । वहां तिल धरने के लिये जगह नहीं थी जून, जुलाई में ही नहीं बल्कि विंटर में भी टूरिस्ट आते थे । दूसरा कम्प्यूटर इंटस्ट्री इलैक्ट्रानिक इंडस्ट्री के लिये भी वहां मौसम साजगार है, उसमें भी तरक्की हो रही थी । लेकिन लोगों को यह एहसास है कि पाकिस्तान वहां के लोगों को इस्तेमाल कर रहा है। मैं कहता हूं कि 1947 के बाद पहली दफा यह एहसास हुआ है हमारे जवानों को तबाह कर दिया गया । इसी तरह से मिलिटैंटस की तरफ से भी एक्सैसस एक्सटोशंस हुये हैं। एक ऐसा माहौल हुआ है । उस वजह से कोई वहां पोलिटिकल प्रोसैस नहीं हुआ । मौलवी इफ्तखार साहब के यहां मिर्जा इस्माइल आये थे एक जमाने में बारामूला से कांग्रेस के डिस्ट्रिक्ट प्रेजीडेंट थे । उनको मिलने आये बाहर उसको गाड़ी में लिया और वहीं कत्ल कर दिया गया। मेरा यह कहने का सवाल है यह सेंट्रल गवर्नमेंट को ही नहीं, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह इनका मसला नहीं यह पूरे देश का मसला है, पूरे नेशन का मसला है। इसको कैसे किया जाय। जब आप चुनाव की बात करते हैं उम्मीद पैदा होती है, लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं, काश्मीर इज नाट ओनली ए कश्मीर वैली, काश्मीर में जम्मू भी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जितने माइग्रेंटस काश्मीर में शायद जितनी एक्ससैस मिलिटैंटस ने वहां की जम्मू में एक कम्यूनल हारमोनी का माहौल था, काश्मीर का हिन्दू ही नहीं भागा है, काश्मीर का मुसलमान भी भाग रहा है, बंगलौर में, दिल्ली में जामिया मिलिया में, अलीगढ़ में, जम्मू में लाखों की तादाद में काश्मीर का मुसलमान भाग कर आया है। जिसको नहीं लगता है जिसको कि बच्चे को तालीम देनी है, शिक्षा देनी है, वह नही समझता है । हजारों की तादाद में लोग आते हैं कि हम अपने बच्चे को पढ़ाना चाहते हैं । उनको लोग

अगवा करके पाकिस्तान ले जाते हैं। मेरा यह कहने का है कि सब को, मैं पिछले दिनों श्रीनगर में था। पाकिस्तान की आई०एस०आई० की टीम हर महीने वहां पर यह देखने के लिये आती है कि यह कमजोर क्यों हो रही है मुल्क । वह एक तरह से हरेक अपना वहां जाल बिछाये हैं। वह डे टू डे क्या होता जैसे किसी ने कह दिया था कि टेलीफोन करना हो क्या करें आप । किसी को टेलीफोन करना होता है तो हर जगह टेलीफोन कर सकता है । शाम को श्रीनगर से टेलीफोन किया हर जगह हुआ । तो मेरा यह कहना है कि एक तो यह बिल मैं कहना चाहूंगा दूसरा में कहना चाहूंगा कि जब ये पोलिटीकल प्रोसैस की बात करते हैं, जब ये इलैक्शन की बात करते हैं, मेरा यह कहना है कि ग्राउंड रिएल्टी जो जम्मू-कश्मीर की है, अभी ऐसी सिचुएशन नहीं है उसमें सिचुएशन में नार्मलाइज जैसे यहां डा० बलदेव प्रकाश जी ने कह दिया एक न्यूज पेपर ले दिया है, काश्मीर जम्मू-काश्मीर में जो एंप्लाईज की पे है पिछले दो महीने से वह उनको नहीं मिली है। जो काश्मीर से माइग्रेंट जम्मू में हैं उनकी रिलीफ के लिये भी पैसा न है, कंस्ट्रक्शन काम के लिये पैसा नहीं है। सेंट्रल गवर्नमेंट ने उनको एक सौ करोड़ दिया कोई एमरजेंसी एड के लिये जम्मू काश्मीर बैंक से उन्होंने 600 करोड़ उधार लिया है। वह यह पैसा रिलीज करने को नहीं है। अगर यह इमरजेंसी है अगर यह नेशनल इश्यू है ,अगर यह देख रहे हैं कि it has become a bed-rock of international intrigues.

तो इसमें कहने की क्या जरूरत है, जितना सामान जितना पैसा वहां आ रहा है तो आपकी यह प्रायरिटी नहीं, वहां दिवालिया है । वहां लोगों के लिये तनख्वाह नहीं है, डवलपमेंट के लिये पैसा नहीं है सारे सेंट्रल प्रोजेक्टस बन्द पड़े हैं । तो इसकी तरफ भी मैं होम मिनिस्ट्री का ध्यान चाहूंगा और खाली होम मिनिस्ट्री से ही नहीं कहता हूं, मैं कहना चाहता हूं कि इसका टोटल व्यू लेना चाहिये । इसके लिये मेरा सजेशन है कि बहुत अच्छा होगा अगर हमारा यह सजेशन मान लिया जाय कि पार्लियामेंट की एक स्टैंडिंग कमेटी रहे, खाली इसी एक इश्यू को लेकर नहीं बल्कि कौनसा कानून पास करना है, क्या स्ट्रेटजी, आप फार्म करना चाहते हैं, इस सबको सुलझाने के लिये। तो यही एक रास्ता है और अगर आप प्रेजीडेंट को अधिकार देंगे तो मुझे लगता है कि वह अच्छा नहीं रहेगा । It will be a wrong precedent again. You will be making an exception in the case of Jammu and Kashmir.

पंजाब में 5 साल गवर्नर रूल रहा, लेकिन वहां ऐसा कानून पास नहीं हुआ। इसलिये मेरी गुजारिश है कि हमारा जो सजेशन है, उसे मान लिया जाये।

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, when I rise to support this Bill, I have feelings of anguish. The Valley of unmatched beauty, the Valley of peace, the Valiey of joy which we all visited so often in a year has today become unfortunately a graveyard. Violence has become the order of the day and curfew is imposed for days after days, Everything has come to a standstill. Today we are asked to support the Bill which is a Constitutional necessity. I think, it is the duty of every Member of Parliament to ensure that all Constitutional hurdles are overcome and that the Constitutional process goeg on. This is a very exceptional psovision to which I w31 come a little later. We would not Bill today but for the fact that on a given day just by the whim of an individual, the elected Legislative Assembly of Jammu and Kashmir came to be dissolved. I am really pained

[Shri Murlidhar Chandrakant Bhandare]

because at least two of the leading figures, the then Home Minister and the then Governor, who played such a great role and a key role in bringing about this disastrous change are present in the House today. I cannot understand with what face they can defund their total unconstitutional action, firstly, by sending a Governor who was not acceptable to the then Chief Minister of that State. Secondly, they dissolved the State Assembly without the concurrenc of anyone and contrary to section 92 of the Constitution of Jammu and Kashmir. Please remember, if today India is proud of anything, it is because it is the largest democracy in the world. We have preserved it under most adverse circumstances. We have preserved it under great strain and they crushed it in Jammu and Kashmir as if they have crushed a fly. Today all people are speaking against this Bill. I think that position would not have been there if there had been that buffer of the elected representatives between the Government and the people. I am not saying this for the sake of saying. It is very easy to lay the blame on the other side. But I said it then and I am saying it now that this is far too fundamental. It has nothing to do with the likes of 'X' or the dislikes of 'Y'. But it has something to do with the very basic structure of our Constitution, the Constitution which ensures democracy, the Constitution which ensures an egalitarian and secular society. I may tell you the whole picture, the whole history, the whole saga of Kashmir, as it unfolded. I go back to that day when Maharaja Hari Singh signed an instrument of accession on 27th October, 1947 and provided for that pernicious clause 7: There were 562 Princely States then. We brought 561 under our umbrella. One State remained out and that was the State of Jammu and Kashmir because the Maharaja of Kasnmir could not make up his mind. And even When he made up his mind ultimately, he provided clause 7 in the instrument of accession stating, "Nothing in this d#eument shall be deemed to commit me....."—that is, Maharaja Hari Singh—" ..... in any way to accept ance of any future Constitution of India and to fetter my discretion." Even the Constitution of India which was on the anvil at that time was not going to be accepted. It is most fascinating history how step by step we not only fought in the bat tle field but in the Constitutional field too to integrate Kashmir into the Con. stitution of India. It is important be cause Articls 356 and 357 were made applicable to Jammu and Kashmir early in January 1965 followed by a war in March thai year. The war ultimately ended in the Tashkant Pact. It is something very, very interesting. But there is no time for us. I think the total time given for this very, very important subject is hardly for this one hour or one hour and fifteen minutes.

SOME HON. MEMBEBS: Two hours.

SHRI MURLIDHAR CHANDRA-KANT BHANDARE: But I do want to place this responsibility before the House. Today, when we talk of democracy, we should remember that. As a Member of Parliament, I am worried. I know that this is an infraction of law, of Parliament's power, and I am slightly worried. But that is only at the first blush. • A deeper consideration of the provisions will show that the objections which have been made are totally unsustainable.

The objections, as far as I have heard, are three. The first objection, as far as I conceive, is that they feel as if this is an abrogation of Article 370. No, this is not an abrogation of Article 370. Article 370 should be debated. I think the time has come when we should debate Article 370 for a full day and come to a concrete decision on that because it was a temporary measure. But several temporary measures have continued till today. When Articles 356 and 357 were made applicable to Jammu and Kashmir, a propaganda was made that that was t-o see that there was no democracy in Jammu and Kashmir. The same propaganda is being made nsw

as if by this enactment we will be abrogating Article 370. Article 370 will continue.

Then they say that the provision *of* a Consultative Committee of fifteen members is not mandatory. I think the words are very clear. If I am permitted to read them, they are as follows:

> "Provided that before enacting any such Act the President shall, whenever he considers it practicable to do so • • •"

Therefore, unless it is impracticable —and that can be only on the ground of urgency or emergency—he has to consult. The words are "shall consult a Committee consituted for the pur. pose". Now, if ever the President were to do it on his own, when it was practicable for him to consult, such an Act would be void *ab initio.* It would be *non* est. Please do not forget that cur power is not taken away. Our representatives on the Consultative Committee will be there all the time.

The second point that is raised is : What happens when such an Act is passed? Kindly see clause 3(3). It reads:

> "Every Act enacted fey the President under sub-section (2) shall, as soon as may be after enactment, be laid before each House of Parliament."

Therefore, there is an obligation to lay it before us. And clause 4 reads as follows.-

> "Either House of Parliament may, by resolution passed within thirty days from the date on which the Act has been laid be fore it under sub-section (3), which period may comprised in one session or in two successive sessions, direct any modification to be made in the Act and if the modifications are agreed to by the other House of parliament during the session in which ---------- "

the Bill has been so laid before it, such modifications shall be given effect to. Therefore, it is a complete provision for what is called a ratification. It has to be ratified by this House and any modifications which are made by the Parliament are binding. I think this completely preserves the sovereignty of Parliament in the matter. Ultimately, let me come to the brass tacks and I have done. What are the conditions under which we are asking to delegate these powers to the President? The conditions are the same which were there in 1965, the condition are the same which were ,there in 1947 when the raiders raided India. Please remember, today the war by proxy is on. The same kind of infiltration, the same kind of training, the same kind of supplying arms, the same kind of funding on a much larger scale, the same kind of sending the raiders across the border is going on because Pakistan has nothing to look at. The Afghan issue is over. Let us not disillusion ourselves. Therefore, we pass this bill under the most emergent situation that could have ever faced Kashmir. It is our duty to do it. What Acts are on the anvil which will get lapsed if we do ttot give this power? There is the Jammu and Kashmir (Disturbed Areas) Act, the Jammu and Kashmir (Public Safety) Act, the Jammu and Kashmir (Representation of People) Act which deals with the question of delimitation, and a very laudable thing which was done by boa. Mr. *J*tf*-mohan, that is the' formation of Mata Vaishno Devi Trust, even that Act will lapse unless this is done.

Now, the point which I am making is that we are doing it out of compulsion; we are doing it out of necessity; we are doing it out of our duty as Parliament to save th« Consituation and therefore, to that extent, we must support it.

Three things flow from the current situation in Kashmir the proxy

Ohn Murlidhar Chandrakant Bhandare]

war as *one* nation with one voice, just as we reacted to the doings of the then Home Minister and the then Governor. I do not know why one of the Leaders of Opposition took the *Ekta Yatra* only up to Jammu and Kashmir. He should have taken it up to the Pak occupied territory. That would have been a logical thing. The point which I *m trying to make is that there should not be any failure on our

part.... *(Interruptions)*

AN HON. MEMBER: If you had provided a helicopter, he would have gone.

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: If it had not . been shot down! First of all, we must fight this unsurgency and the second point is the article of faith with alt of us, that is our pledge to the nation to restore democracy. We have been successful in having elections in Punjab. I am quite confident that it won't be long before we have election in Jammu and Kashmir by which time this measure will automatically lapse, With this, I support the Bill.

SHRI SUKOMAL SEN (West Seneal); Sir, I rise to strongly op-rcse this Bill. The Bill is asking the Parliament to forego its right to make enactments for the State of Jammu and Kashmir and for what reasons? The reason is, Parliament has no time *to* do it. I feel this is atrocious and that is why I cannot accept this Bill. I strongly oppose it. Sir, why has the Government come out with this Bill? I will be glad if the Home Minister listens to me because he has to reply to it. Can you please draw the attention of the Home Minister?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); Mr. Home Minister, your attention is being drawn.

SHRI SUKOMAL SEN: The Home Minister is supposed to reply to this debate. (Interruptions) We know what he wil say and what he will do. Sir, what for has the Government come out with this Bill? For the last few months or few years what has the Government done? What is the situation in Jammu and Kashmir today? Because the Governor's rule is still to exist, still to continue and since Parliament is preoccupied with other business, they are not in a position to make enactments, so leave it to the President! This is most undemocratic, unacceptable. Sir, the point is the Government is solely responsible for the situation that is obtaining in Kashmir now. They have not yet been able to control the situation. They are ye. to decide any political initiative in respect of settling the Kashmir issue.

In the last Budget session they talked of holding elections. Without creating a proper atmosphere for holding elections where the people can exercise their franchise, their right to vote, they are talking of elections! So, no democrat can oppose elections. Any democrat will support elections, whether it is Kashmir or any other State, but the democrat must also see that the people take part in the elections. If we conduct fracical elections, what would be the result? Of late, the Government has conducted elections in Punjab. What are the results, what type of elections are these, what percentage of people have voted in the clections?-all these questions come up. If the Government thinks that in the name of democracy they want tn strengthen their position in the Lok Sabha since they are in minority, get some Members from Jammu and Kashmir and get some Members from Punjab. If that is the design. I would strongly oppose it. I would advice the Government, create a situation where the people can really exercise their votes, where the pople can take part. Despite the threats from terrorists, it is only in these conditions that elections could be held and only a Government that will be formed of

